## सार-समाचार

### जैसलमेर से लाए कार चालक को लूटा

**जोधपुर**, (कासं)। जैसलमेर से अपने परिचित के साथ आए कार चालक को जोधपुर आकर लूट लिया गया। परिचित ने चालक को वाटसअप कॉल कर जोधपुर चलने को कहा फिर यहां आकर पाली रोड पर कार की चाबी छीन कर गाड़ी लेकर चंपत हो गया। पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर तीन लोगों की तलाश आरंभ की है। फिलहाल कार और बदमाशों का पता नहीं लगा है। उनकी तलाश जारी है। विवेक विहार पुलिस ने बताया कि जैसलमेर जिले के फलसूंड तहसील के मदुरासर भूरजगढ़ निवासी मिश्री खां पुत्र निजाम खां ने यह रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि 31 मार्च को उसके गांव के ही रहने वाले गुलाब सिंह का व्हाट्सएप कॉल आया, जिसमें उसने जोधपुर जाने के लिए गाड़ी की व्यवस्था करने को कहा। इस पर उसने अपने रिश्तेदार से स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर दोपहर करीब 12.30 बजे गुलाब सिंह के साथ जोधपुर के लिए रवाना हुआ। रास्ते में चाबा गांव में डीजल भरवाने के बाद दोनों जोधपुर पहुंचे। यहां जोधपुर पहुंचने पर गुलाब सिंह ने चानणा भाकर में अपने दोस्तों के कमरे जाने की बात कही। वहां से उसने अपने दो साथियों को भी गाड़ी में बैठा लिया, जिन्हें वह नहीं जानता था। इसके बाद उन्होंने पाली रोड स्थित विवेक विहार तक छोडऩे की बात कही और रास्ते में गुलाब सिंह खुद गाड़ी चलाने लगा। शाम करीब 5.30 बजे पाली हाईवे स्थित डी-मार्ट के पास गाड़ी रोककर सभी नीचे उतर गए। तब गुलाब सिंह ने जबरदस्ती गाड़ी की चाबी छीन ली और अपने साथियों के साथ स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। गाड़ी में उसके पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक व इलाज संबंधी जरूरी दस्तावेज भी रखे हुए थे। बाद में पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। विवेक विहार पुलिस ने बताया कि फिलहाल बदमाशों और गाड़ी का सुराग हाथ नहीं लगा है। तलाश जारी है।

### अन्नपूर्णा गौशाला का स्थापना दिवस

**बालोतरा**, (निसं)। शहर के गांधीपुरा पुरानी चोंच मंदिर के पास स्थित अन्नपूर्णा गौशाला का 15वां स्थापना दिवस हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर बडी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गौशाला के व्यवस्थापक गौतम गहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र सुदी पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रातः 6:33 बजे शुभ बेला में भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ आचार्य सुरेंद्र शास्त्री, आचार्य वीरेंद्र शास्त्री एवं अन्य विद्वान पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में सत्यनारायण पोद्दार, जनक माली, मगराज चौधरी, पोसाराम, दिनेश गोदारा, दिनेश विश्नोई, लिखमाराम सुथार, राजू देवासी, जगदीश, दुर्गा राम एवं देवी सिंह भाटी ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण और गौवंश की रक्षा की कामना की। यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात गोदावरी गौ माता के मंदिर पर विधि-विधान से धर्म ध्वजा फहराई गई। इस दौरान पूरा परिसर गौ माता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। वही स्थापना दिवस के इस विशेष मौके पर संचालक समिति ने गौ सेवा को लेकर एक बडा संकल्प लिया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा हमारा मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाग्रस्त लावारिस और बीमार गौवंश को त्वरित चिकित्सा उपलब्ध कराना है। इसके लिए आगामी समय में भामाशाहों और जन सहयोग से एक नई एनिमल एंबुलेंस की व्यवस्था करने का पूरा प्रयास किया जाएगा, जिससे पीडति गौवंश की सेवा और उपचार अति शीघ्र शुरू किया जा सके। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गौशाला परिसर में पूरे दिन संगीतमय सत्संग का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। इस पावन कार्यक्रम में रवीन्द्र परिहार, शुभम, नारायण, गणेश परिहार, सुंदर सैनी, सीमा पोद्दार सहित कई जनों ने भाग लिया।

### नकाबपोश चोर से भिड़ी महिला

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर जिले के बावड़ी कस्बे के केरला बेरा क्षेत्र में रात को एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के आभूषण चुरा ले गए। हालांकि, घर की महिला के जागने पर उसने चोर से गहनों की संदूक छीन ली। जानकारी के अनुसार केरला बेरा निवासी मिश्रीलाल प्रजापत के घर में रात करीब 2 बजकर 40 मिनट पर चोर घुसा। चोर ने कमरे का ताला तोडक़र बड़ी संदूक से सात तोला सोने के आभूषण (कंठी, तिमनिया) और 25 तोला चांदी के आभूषण चुराए। वह इन आभूषणों को एक छोटी संदूक में रखकर कमरे से बाहर निकल रहा था, तभी घर की महिला समुदेवी बाथरूम के लिए उठीं। समुदेवी ने चोर को देखकर शोर मचाया और उससे भिड़ गईं। छीना-झपटी के दौरान महिला के हाथ में खरोंच भी आई, लेकिन उन्होंने चोर के हाथ से आभूषणों की संदूक छीन ली। चोर केवल सात तोला सोने और 25 तोला चांदी के आभूषण लेकर संदूक वहीं छोडक़र फरार हो गया। महिला समुदेवी ने बताया कि चोर नकाब पहने हुए था। घटना के बाद महिला बेहोश हो गईं। पड़ोसियों के इक-ा होने पर और घर का सामान अस्त-व्यस्त देखकर चोरी का पता चला। सूचना पर खेड़ापा थाना पुलिस ने मौके का मुआयना किया।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों की निकाली रैली

**सायला**, (निसं)। निकटवर्ती थलवाड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का ग्रामीणों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य रमेश कुमार परमार ने बताया कि 12वीं बोर्ड में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले दिनेश कुमार, नीतू कुमारी व ममता कुमारी तथा 10 वीं बोर्ड में प्रकाश प्रजापत, विमला कुमारी, दशरथ कुमार तथा 8वी बोर्ड में प्रकाश भाटी, गणपत कुमार तथा 5वीं बोर्ड में राधिका भाटी, सविता राजपुरोहित का साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया। समारोह में भामाशाह सुरेश कुमार लुहार द्वारा 12वीं कला वर्ग बोर्ड में सर्वोच्च अंक हासिल करने पर 21,000 नकद पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। साथ ही द्वितीय व तृतीय को 5100 रूपये प्रोत्साहन के रूप में देने की घोषणा की। इसके बाद गांव में प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान में डीजे के साथ रैली का आयोजन किया गया। जिसमे सभी ग्रामीणों से प्रवेशोत्सव में राजकीय विद्यालय में अधिकाधिक प्रवेश दिलाने की अपील की। इस दौरान दिलावरसिंह चंपावत, रामसिंह मेडतिया, थानमल पुरोहित, अर्जुनसिंह भाटी, सुरेशकुमार गर्ग सहित ग्रामीण व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई पीपा जयंती

**फलोदी**, (निसं)। स्थानीय पीपा क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में गुरुवार 2 अप्रैल को संत पीपा जयंती महोत्सव बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। पीपा क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष रमनलाल दैय्या के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव का आगाज सुबह विधि-विधान से किए गए हवन-पूजन के साथ हुआ। सुबह 10 बजे गाजे-बाजे के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शिवसर तालाब स्थित पीपा क्षत्रिय समाज की बगीची पहुंची। शोभायात्रा के मार्ग में रामनवमी सेवा समिति के अध्यक्ष मेघराज कल्ला एवं उनकी टीम द्वारा पुष्प वर्षा कर समाज का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। बगीची पहुंचने पर अध्यक्ष रमनलाल दैय्या एवं समाज के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में संत पीपाजी और हनुमान जी की महाआरती की गई। कार्यक्रम के समापन पर विशाल प्रसादी (भोज) का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधुओं और श्रद्धालुओं ने शिरकत कर दर्शन का लाभ लिया।

### जेठापाड़ा में हनुमान मंदिर सजाया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। शहर के जेठापाड़ा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर को आकर्षक लाइटिंग और पुष्पों से सजाकर मनाया गया। गुरुवार सुबह 9 बजे हिंगलाज मंदिर गाँधी कालोनी से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में मंगल कलश लिए बालिकाएं और जय श्रीराम की ध्वजा लिए बालक शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहे। यह यात्रा हिंगलाज मंदिर से मुख्य मार्ग गाँधी कालोनी होते हुए, कल्लू की हट्टा, चांदी फैक्ट्री सोनी मोहल्ला, गुने की दुकान, खेजड़ पाड़ा होते हुए जेठा पाड़ा पहुंची मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह जगह शोभायात्रा पर गुलाब पुष्पों की पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जेठा पाड़ा पहुँचने के बाद झांकियों में शामिल बालक, बालिकाओं एवं महिला पुरुषों को आइसक्रीम, फल एवं अल्पाहार करवाया गया। मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा भजन गाये गए पुजारी दीपक शर्मा द्वारा शाम 8 बजे महाआरती की गई। महाआरती के पश्चात सुंदरकांड़ पाठ का आयोजन हुआ।

### दुष्कर्म का केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। जिला पश्चिम में एक नाबालिग से दुष्कर्म का केस सामने आया है। आरोपी पीड़िता के घर में रात को घुसा और उसे चाकू दिखाकर दुष्कर्म किया। जिला पश्चिम में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।पुलिस ने बताया कि पीड़िता के घर में आरोपी 31 मार्च-1 अप्रेल के बीच रात को घुस गया। उसके कमरें में दाखिल होने के बाद उसे चाकू का भय दिखाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पीड़िता से मारपीट की गई। आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगा है। आरोपी के साथ एक अन्य युवक भी था।

# 'एटीएम कार्ड धारक की दुर्घटना में मृत्यु पर राशि अदा करनी होगी'

**जोधपुर**, (कासं)। एटीएम कार्ड में प्रदत बीमा सुविधा के आधार पर कार्ड धारक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर एक्सिस बैंक नॉमिनी को 2 लाख देने के लिए राज्य उपभोक्ता आयोग ने जिम्मेदार मानते हुए जिला आयोग जोधपुर के परिवाद अस्वीकार करने के तर्कों को गलत माना है।

अपीलार्थी.भूपेंद्र सिंह.ने आयोग के सदस्य न्यायिक सुरेन्द्र सिंह, सदस्य लियाकत अली के समक्ष जिला आयोग जोधपुर प्रथम द्वारा पारित आदेश को चुनौती देते हुए बताया कि अपीलार्थी के भाई ने एक बचत खाता एक्सिस बैंक में खुलवाया था तथा वह नॉमिनी था। बैंक ने एटीएम कार्ड भी जारी किया था जिसमें दुर्घटना में मृत्यु होने पर दो लाख का बीमा कवर था।

उसका भाई छत पर लगी डिश चेक करने गया तथा अचानक पैर फिसलने से नीचे गिर गया जिसकी अस्पताल ले जाते ले जाते समय उसकी रास्ते में मृत्यु हो गई।

अपीलार्थी ने वीसा प्लेटिनियम कार्ड में प्रदत्त दुर्घटना बीमा की सुविधा के आधार पर बैंक में दावा प्रस्तुत किया। बैंक ने दावा 90 दिन पश्चात प्रस्तुत करने के आधार पर अस्वीकार कर दिया।

अपीलार्थी ने जिला आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया जो अस्वीकार कर दिया गया।

अपीलार्थी ने राज्य आयोग के समक्ष अपील प्रस्तुत की। आयोग के सदस्य न्यायिक सुरेंद्र सिंह एवं सदस्य लियाकत अली ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर अपने निर्णय में कहा कि कार्डधारक की मृत्यु 16 जनवरी 18 को हो गई थी। क्लेम आवेदन पत्र मार्च 2018 को जमा करवा दिया गया। एफएसएल रिपोर्ट देरी से आने एवं अंतिम परिणाम 10 दिसंबर 2018 को प्राप्त हुआ। अन्य दस्तावेज को अपीलार्थी को प्राप्त होते ही बैंक में जमा करवा दिए।

बैंक ने बीमा कंपनी को दस्तावेज मार्च 18 में प्राप्त होने के बावजूद प्रेषित नहीं किए अपीलार्थी ने अंतिम परिणाम एवं एफएसएल रिपोर्ट दिसंबर 18 में प्राप्त होते ही जमा करवा दिए। इस आधार पर दावा 90 दिन में प्रस्तुत नहीं करने का आधार लिया गया है वह आधारहीन है।

बैंक ने प्राप्त दस्तावेज 90 दिन में बीमा कंपनी को नहीं भेजें इससे स्वयं बैंक का ही दोष है। बीमा कंपनी की सेवा में त्रुटि नजर नहीं आती है। आयोग ने अपील स्वीकार कर अपीलार्थी को परिवाद प्रस्तुत करने की तिथि मई 2019 से 9 प्रतिशत ब्याज सहित दो लाख अदा करने एवं अपील खर्च के दस हजार रूपये देने के आदेश दिए।

जिला आयोग ने बीमा कंपनी के विरुद्ध परिवाद अपील को अस्वीकार कर दिया।

# नहर तोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोपी गिरफ्तार

**जालोर**,(का.सं.)। जालोर जिले के भाद्राजून थाना क्षेत्र में बांकलि बांध की मुख्य नहर को तोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

पुलिस अधीक्षक जालोर के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं वृताधिकारी आहोर के सुपरविजन में भाद्राजून थाना पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी हड़मानाराम चौधरी को गिरफ्तार किया।

घटना 26 मार्च की है, जब आरोपी हडमानाराम ने बांकली बांध से निकलने वाली मुख्य नहर को तोड़ दिया। इस कृत्य से लाखों रुपये की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा और जल वितरण प्रणाली बाधित हो गई। साथ ही आसपास के गांवों में रहने वाले हजारों लोगों के जीवन पर भी खतरा उत्पन्न हो गया। इस मामले में पुलिस थाना भाद्राजून में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की गई, जिसमें आरोपी द्वारा नहर तोड़ने की पुष्टि हुई। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी हड़मानाराम चौधरी पुत्र पेमाराम, निवासी रेवड़ा कला (थाना भाद्राजून, जिला जालोर) को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## खिलाड़ियों का ट्रायल संपन्न

**पाली**, (नि.सं.)। अलवर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए गुरूवार को जिला स्तरीय ट्रायल हुआ संपन्न हुआ।

पाली जिला पावरलिफ्टिंग अध्यक्ष किशन कुमार व सचिव बंशीलाल चौहान के निर्देशन में सिटी क्लब जिम बैनर तले जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग की ओर से 2 बालिकाएं व 9 बालको का चयन सहायक रेफरी सुरेश राणा, गौरव शर्मा के नेतृत्व में हुआ। चयनित प्रतियोगी शुक्रवार को प्रतियोगिता मे भाग लेने रवाना होगें। बालिकाएं करिश्मा पवार, हिमांशी कवर, बालक वर्ग मे गोविंद कुमार, यश परिहार, निखिल पवार, श्रवण सिंह, शुभम, अक्षय बंजारा, कुंदन सिंह निखिल देवांकर शामिल होंगे।

# कानून व्यवस्था के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**जालोर, (नि.सं.)**। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने आदेश जारी कर अप्रैल माह में 3 अप्रैल को गुड़ फ्राइडे, 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयन्ती, 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेड़कर जयंती, वैशाखी/सैन जयन्ती व 19 अप्रैल को परशुराम जयन्ती पर्व/त्योहार पर कानून व्यवस्था एवं लोक शान्ति बनाये रखने के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को कार्यपालक एवं तहसीलदारों को सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

आदेशानुसार जिले के जालोर, सायला, आहोर, भीनमाल, जसवंतपुरा, सांचोर, रानीवाड़ा, चितलवाना व बागोड़ा उपखण्ड के लिए संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा जालोर, सायला, आहोर, भाद्राजून, भीनमाल, जसवंतपुरा, सांचोर, रानीवाड़ा, चितलवाना व बागोड़ा तहसील के लिए संबंधित तहसीलदार सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट होंगे। इसी प्रकार जालोर, आहोर व सायला उपखण्ड क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जालोर तथा भीनमाल, जसवंतपुरा, रानीवाड़ा, सांचोर,, बागोड़ा व चितलवाना उपखण्ड क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भीनमाल/सांचोर मजिस्ट्रेट को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने निर्देशित किया कि कार्यपालक एवं सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने सम्पूर्ण कार्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखेंगे एवं कोई भी कार्यपालक व सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट उक्त पर्वों पर अपना कार्यक्षेत्र नहीं छोड़ेंगे तथा अवकाश पर नहीं जायेंगे। वे अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था आदि के बारे में पुलिस अधिकारियों से विचार-विमर्श कर कानून व्यवस्था एवं लोक-शांति संबंधी सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करेंगे।

# नामावलियों का प्रारूप

**जालोर**, (का.सं.)। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर परिषद जालोर के आम चुनाव 2026 के लिए निर्वाचक नामावलियों का कार्य जारी हैं। जिसके तहत निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन हो चुका है।

वर्तमान में पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन का कार्य जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (उपखण्ड मजिस्ट्रेट) जालोर मनोज चौधरी ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों के कार्यक्रमानुसार 5 अप्रैल, रविवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वार्ड अनुसार जालोर नगर परिषद क्षेत्र के सभी प्रगणक अपने मतदान केन्द्र पर प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक उपस्थित रहकर दावे व आपत्तियाँ प्राप्त करेगे।

इसके अलावा मतदाताओं को निर्वाचक नामावली में नाम होने संबंधी जानकारी देंगे।

उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों को 1 जनवरी, 2026 के आधार पर तैयार किया जा रहा हैं जिसमें जिस व्यक्ति की आयु दिनाँक 1 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और उस वार्ड का निवासी हो उसका नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया जा सकता है।

**सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खनिज अभियंता जालौर क्षेत्र में खनन पट्टा खनिज मेसेनरी स्टोन ग्राम साफ़ाड़ा तहसील व जिला जालौर में एम एल न.60/2004 मान खान पुत्र नेने खान निवासी कोलर के पक्ष में दिनांक 27/ 10 /2009 से 50 वर्ष तक स्वीकृत होकर प्रभावी था मान खान का निधन दिनांक 2 /3/ 2026 को हो गया है मान खान की पत्नी नाथी बानो ने उक्त खनन अपने नाम करने के लिए ऑनलाइन आवेदन 2026 400001509 किया है मृतक मानखान के उत्तराधिकारी शपथ पत्र नाथी बानो पत्नी सानिया , रूहीना बेटी अनीश व ईशान बेटा के वारिसान के रूप में प्रस्तुत किया है नाथी बानो ने मान खान का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 11 /3./2026 को प्राप्त किया है यदि मृतक मान खान का कोई अन्य विधिवत वारिसान है तो 15 दिन के भीतर कार्यालय में आपकी दर्ज आपत्ति दर्ज करवा सकते है।

**नरेंद्र खटीक खनिज अभियंता जालौर**

# खौड़ खेतलाजी मेले में गैर दल बना आकर्षण

**पाली**, (नि.सं.)। पाली के निकट खोड़ गांव में बुधवार को खेतलाजी का मेला भरा गया। मेले में भोपाजी मंशाराम परमार एवं भक्तराज राजेंद्र भंड़ारी की पावन निश्रा में खेतलाजी मंदिर की ध्वजा चढ़ा ई गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनभर खेतलाजी के दरबार में श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए तांता लगा रहा।

इस दौरान महिलाएं मंगल गीत गाते हुए भक्ति में लीन नजर आईं। जहां पर विभिन्न गांव से आई गैरों ने अपने नृत्य का प्रदर्शन किया।

वहीं मेले में खाने-पीने आइसक्रीम झूले का आसपास से आए ठाामीणों ने आनंद उठाया।

रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। भक्ति संध्या का मंच संचालन राजेंद्र परिहार (पाली) ने किया।

गैर दल नृत्य बना मुख्य आकर्षण

मेले में दिनभर विभिन्न गैर दलों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं, जो आकर्षण का केंद्र रहीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दलों को एलईड़ी टीवी व अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और खेतलाजी के दरबार में हाजिरी लगाकर पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर भक्तराज राजेंद्र भंड़ारी, अध्यक्ष कुंदनमल (हेमावास), भोपाजी मंछाराम परमार, सरपंच दुर्गा दाधीच, उपसरपंच मालम सिंह, वेनाराम परमार (चांगवा), समाजसेवी मुकेश वैष्णव, जसाराम मेघवाल, वालाराम पंवार, मंच संचालक राजेंद्र परिहार, समाजसेवी अरविंद गोयल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के लिए करवाना होगा पंजीकरण

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर जिले में बिना पंजीकरण किसी भी उपभोक्ता को कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति नहीं जाएगी।

जिला कलक्टर ड़ॉ. प्रदीप के. गावंड़े ने बताया कि जिले में रसोई गैस, पेट्रोल एवं ड़ीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आमजन को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने जिले में संचालित समस्त पेट्रोल पंपों पर सतत् निगरानी रखने व किसी भी स्तर पर अनावश्यक भंड़ारण न करने तथा आवश्यकता से अधिक ईंधन क्रय करने वालों पर विशेष निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार व्यावसायिक उपयोग के लिए निर्धारित मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देर्शित किया गया है साथ ही प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सालयों, विद्यालयों एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की का रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी एक्टिव कनेक्शनधारक व्यावसायिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए संबंधित ऑयल कंपनियों के ड़िस्ट्रीब्यूटर के पास पंजीकरण करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना पंजीकरण किसी भी उपभोक्ता को कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति नहीं की जाएगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा यह भी अनिवार्य किया गया है कि सभी कमर्शियल एवं औद्योगिक उपभोक्ता अपने क्षेत्र की सिटी गैस ड़िस्ट्रीब्यूशन (पीएनजी) कंपनी में पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करें। आवेदन के उपरांत ही उन्हें एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के ऑयल मार्केटिंग कंपनियों में बड़े पैमाने पर कॉमर्शियल कनेक्शन हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी। प्राथमिकता क्रम के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों, कोचिंग संस्थानों एवं छात्रावासों तथा निजी अस्पतालों को 100 प्रतिशत, होटल रेस्टोरेंट एवं ढाबों तथा ड़ेयरी उद्योगों को विभागीय निर्देशानुसार आपूर्ति की जाएगी। यह प्रतिशत संबंधित उपभोक्ताओं के औसत मासिक उपभोग के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्था की सतत् निगरानी की जा रही हैं।

**सम्मन बनाम कायम मुकाम**

(आर्डर 22, नियम 4 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) जालोर मुकाम

**जूंजाराम बनाम नाथाराम आदि**

दावा बाबत् घोषणा, बंटवारा एवं स्थाई निषेधाज्ञा

दीवानी मूल वाद संख्याः-

बनामः **मुसम्मी ललित कान्तिलाल अशोक कुमार पुत्रगण लच्छाराम जी, जातियान कुम्हार, निवासीगण जालोर हाल आहोर तहसील आहोर जिला जालोर।**

चूंकि, वादी ने इस अदालत में वाट पत्र पेश किया था और बाद में प्रतिवादी संख्या 1 नाथाराम की मृत्यु हो जाने पर इनके वारिसान को अभिलेख पर लेने की दरख्वास्त अदालत हाजा में इस आशय की पेश कि है कि आप प्रतिवादी के कानूनी कायम मुकाम हो इस कारण आपको कायम मुकाम बनाये गये है।

लिहाजा बजरिए हाजा बगर्ज जवाब देही आपको तारीख 04 माह 05 सन् 2026 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसल किया जायेगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से आज तारीख 07 माह 04 सन 2026 को जारी किया गया है।

मोहर अदालत

**आज्ञा से-रीडर**
**सहायक कलेक्टर**
**(एस.डी.ओ.) जालोर**

# हनुमान जयंती पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

**पाली**, (नि.सं.)। हनुमान जयंती आज शहर सहित पूरे जिले में धूमधाम से मनाई गई। कई जगह कलश यात्रा सुंदरकांड पाठ, रात्रि में भजन संध्या का आयोजन हुआं

पाली शहर के हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों ने बालाजी को नारियल रोट चढ़ कर और माला पहना कर मनोकामना पूर्ण की। वही हनुमान जी की प्रतिमा को नया बागा पोशाक पहना कर सिंगार किया। शहर के बजरंगबाग मंदिर में विशेष आकर्षण रोशनी से सजाया गया। बजरंग बाण सेवा समिति के सदस्य द्वारा कार्यक्रम में सहयोग दिया। वहीं रात्रि में भजन संध्या हुई, शहर के पानी दरवाजा स्थित खाकी चौक में भी बालाजी का विशेष श्रृंगार कर रात्रि में मेवे के पेड़े प्रसाद वितरित किया गया। सोमनाथ मंदिर स्थित दास बालाजी मंदिर में भी हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। वहीं दोपहर में सोमनाथ महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। रात्रि 8 बाजे ढोल धमाके के साथ बालाजी की विशेष आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। इसी प्रकार शहर के भेरू घाट बालाजी, इच्छापूर्ति बालाजी, खोडिया बालाजी चादर वाले बालाजी, मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में भी हनुमान जयंती मनाई गई।

# कार्यशाला आयोजित

**फलोदी**, (नि.सं.)। फलोदी शहर के विद्यार्थियों के लिए गुरुवार को पहली बार एआई की क्लास में शामिल होने का सुनहरा मौका मिला। फलोदी में पहली बार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषय पर निःशुल्क कार्यशाला आयोजित की गई।

यह कार्यशाला गुरुवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी के मोहिनी मंच सभागार में आयोजित हुई। कार्यक्रम का आयोजन साइबडियर नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया जिसमे जयपुर और दुबई स्थित एक टेक्नोलॉजी कंपनी के अधिकारियों ने एआई के विषय पर छात्रों को मार्ग दर्शन दिया गया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद परिहार मूलतः फलोदी के निवासी हैं और इसी राजकीय सीनियर विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। जिन्होंने स्वयं विद्यार्थियों को एआई की बारीकियां समझाई। विनोद परिहार ने राष्ट्रदूत को बताया कि महानगरों में बच्चे तेजी से नई तकनीक सीख रहे हैं, लेकिन छोटे शहरों के विद्यार्थियों को ऐसे अवसर कम मिलते हैं। अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं भविष्य की तकनीक से जुड़ सकें। छह घंटे की इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को एआई की मूल अवधारणा, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, जनरेटिव एआई तथा विभिन्न आधुनिक एआई उपकरणों का सजीव प्रदर्शन दिखाया गया। साथ ही एआई माइंडसेट चुनौती के तहत छात्र टीम बनाकर फलोदी की वास्तविक समस्याओं के समाधान एआई की सहायता से तैयार कर सकेंगे। कक्षा 9 से 12वीं तथा स्नातक स्तर के विद्यार्थीयो ने इसमें भाग लिया। कुल 300 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया जिसमें 250 से अधिक छात्र छात्राओं ने कार्यशाला में भाग लियसभी प्रतिभागियों को कंपनी ने प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।

## दिशा समिति की बैठक 7 को

**जालोर**, (कासं)। सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा समिति) की बैठक 7 अप्रेल को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। यह जानकारी जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंड़े ने दी।

**सार्वजनिक सूचना**

# एबीसी आरजे लैंड 01 प्राइवेट लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय: मकान नंबर 384, ब्लॉक बी, लक्ष्मीचंद सनवाल कॉलोनी, जैसलमेर, राजस्थान– 345001, भारत**

एबीसी आरजे लैंड 01 प्राइवेट लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय मकान नंबर 384, ब्लॉक बी, लक्ष्मीचंद सनवाल कॉलोनी, जैसलमेर, राजस्थान – 345001 पर स्थित हैं, भारत सरकार से विधुत अधिनियम, 2003 की धारा 164 के अंतर्गत सभी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन करने का इरादा रखता है, जो विधुत लाइनों या विधुत संयंत्रों को विधुत संचारण के लिए स्थापित करने या दूरभाष अथवा तार-संचार से संबंधित आवश्यक समन्वय हेतु आवश्यक हैं - वे सभी अधिकार जो भारतीय तार अधिनियम 1885 के अंतर्गत टेलीग्राफ प्राधिकरण को उन टेलीग्राफ लाइनों और खंभों कि स्थापना एवं अनुरक्षण के संबंध में प्राप्त हैं। कंपनी ट्रांसमिशन योजनाओं के लिए सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, परिनिर्माण (इरेक्शन), तथा अन्य संबंधित कार्यों के साथ-साथ प्रवर्तन में लाना (कमीशनिंग), संचालन, अनुरक्षण एवं अन्य आवश्यक निम्नलिखित गतिविधियाँ भी संपादित करेगी।

**ट्रांसमिशन योजना का नाम:** राजस्थान के बाड़मेर जिले में एबीसी आरजे लैंड 01 प्राइवेट लिमिटेड के 380 MW (270MW + 110MW) सोलर पावर परियोजना को कनेक्टिविटी प्रदान करने हेतु ट्रांसमिशन प्रणाली।

**योजना के अंतर्गत सम्मिलित कार्य:**

1) एबीसी आरजे लैंड 01 प्राइवेट लिमिटेड के सोलर PSS (गांव चोचरा, जिला बाड़मेर, राजस्थान में स्थित) – फतेहगढ़-IV (सेक्शन-I) (ISTS) पूलिंग स्टेशन 220kV S/C लाइन D/C टावर पर (कुल लाइन की लंबाई लगभग 32km है, जिसमें से फतेहगढ़-IV PS छोर से लगभग 2km लाइन M/C टावरों पर होगी) इस योजना के अंतर्गत आने वाली ट्रांसमिशन लाइन राजस्थान राज्य के निम्नलिखित गांवों, कस्बों और शहरों से होकर, उनके ऊपर से, उनके आस-पास से तथा उनके बीच से होकर गुज़रेगी:

| क्रम संख्या | गाँव का नाम | तहसील | जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | चोचरा, भियाड़, अलसानियों की ढाणी, बिसु कला, मोगेराई, कुमावतो की ढाणी, काशी नगर, पुशड़, चक गूंगा, गूंगा, रते कुम्हार की ढाणी, रामचंद्रपुरम, सीताराम की ढाणी, बिसुखुर्द, पूंजराज सिंह की ढाणी, अंबावाड़ी, बलाई, कोटरियों की ढाणी, पाबूसर, लांगो की ढाणी, अर्जुन नगर, खैतलियों की ढाणी, प्रताप नगर | शिव | बाड़मेर |

मार्ग संरेखण की प्रतिलिपि अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध है। सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से दो महीने के अंदर प्रस्तावित ट्रांसमिशन प्रणाली पर अपनी राय / आपत्ति लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दें। **अधिक विवरण और स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें:**

**नाम:** श्री प्रशांत कनौजिया, **पदनाम:** निर्देशक

**कार्यालय का पता:** मकान नंबर 384, ब्लॉक बी, लक्ष्मीचंद सनवाल कॉलोनी, जैसलमेर, राजस्थान – 345001

**ईमेल पता:** pkanaujia@evrenenergy.com, **फ़ोन:** +91 95606 90611